भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 132*

28 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष केन्द्र

***132. श्री रमेश बिन्द:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित और पूर्ण किए गए कुल आयुष केन्द्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित आयुष केन्द्रों के लिए कितनी धनराशि संस्वीकृत की गई है;

(ग) क्या सरकार ने सभी प्रस्तावित आयुष केन्द्रों को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 28 जुलाई, 2023 **को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 132*** **के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, उत्तर प्रदेश में आयुष केंद्र स्थापित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। हालाँकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है और राज्य सरकार एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने विभिन्न जिलों में एकीकृत आयुष अस्पतालों की 26 इकाइयों को मंजूरी दी है। एकीकृत आयुष अस्पतालों की अनुमोदित इकाइयों और स्वीकृत धनराशि की जिले-वार विस्तृत स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है। इसके अलावा, चूंकि योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है, इसलिए प्रस्तावित आयुष एकीकृत आयुष अस्पतालों को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष समयसीमा तय नहीं की गई है।

*****

संलग्नक

उत्तर प्रदेश में स्वीकृत एकीकृत आयुष अस्पतालों की जिले-वार स्थिति

क्र.सं.	जिले का नाम	स्वीकृत राशि (लाख रूपये में)
1.	बुलन्दशहर	900.00
2.	कानपुर नगर	900.00
3.	लखनऊ	900.00
4.	वाराणसी	900.00
5.	बरेली	900.00
6.	बस्ती	900.00
7.	सिराथू कौशांबी	900.00
8.	सोनभद्र	900.00
9.	उरई जालौन	900.00
10.	संत कबीर नगर	900.00
11.	सहारनपुर	900.00
12.	देवरिया	900.00
13.	ललितपुर	900.00
14.	अमेठी	900.00
15.	कानपुर देहात	900.00
16.	बलिया	900.00
17.	रायबरेली	900.00
18.	बागपत	900.00
19.	फ़तेहपुर	900.00
20.	श्रावस्ती	740.12
21.	उन्नाव	740.12
22.	हरदोई	792.20
23.	गोरखपुर	792.20
24.	संभल	792.20
25.	मिर्जापुर	527.20
26.	जौनपुर	525.00